आकाशवाणी पोर्ट ब्लेयर

दिनांक : 26.06.2024 समय : 0705

<><><><><><><>

- पहली जुलाई से लागू होने जा रहे तीन नए आपराधिक कानूनों को लागू करने के लिए पुलिस विभाग पूरी तरह तैयार है।
- सांसद बिष्णु पद रे ने कल नई दिल्ली में केन्द्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी और नागरिक उड्डयन मंत्री राममोहन नायडू से मुलाकात कर द्वीपों के संबंध में चर्चा की।
- आज अंतरराष्ट्रीय नशाखोरी एवं अवैध तस्करी निषेध दिवस– विश्व नशामुक्ति दिवस के रूप में मनाया जा रहा हैं।
- अंतराष्ट्रीय नशामुक्ति दिवस के सिलसिले में आज समाज कल्याण निदेशालय की ओर से मैराथन का आयोजन किया जाएगा।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार द्वीपसमूह में पहली जुलाई से लागू होने जा रहे तीन नए आपराधिक कानूनों को लागू करने के लिए पुलिस विभाग पूरी तरह तैयार है। पोर्ट ब्लेयर में मीडिया से बात करते हुए उप–पुलिस महानिरीक्षक कानून और व्यवस्था वर्षा शर्मा ने कहा कि इन कानूनों के लिए मुख्य सचिव की अध्यक्षता में स्टीरिंग कमेटी का भी गठन किया गया है। उन्होंने कहा कि इन कानूनों के पांच प्रमुख स्तंभ है, जिसे लागू करने के लिए पुलिस तैयार है।

उप–पुलिस महानिरीक्षक ने कहा कि पन्द्रह वर्ष से कम और साठ साल से ऊपर के पुरूष या महिला या मानसिक व शारीरिक रूप से अक्षम लोग जिन्हें गंभीर बीमारी है, उन्हें गिरफ्तार करने से पहले वरिष्ठ अधिकारियों से इसकी अनुमति लेने का भी नए कानूनों मे प्रावधान किया गया है।

उन्होंने कहा कि नए कानूनों के बारे में जागरूकता उत्पन्न करने में मीडिया की अहम भूमिका है।

<><><><><><><>

सांसद बिष्णु पद रे ने कल नई दिल्ली में केन्द्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी से मुलाकात की और उन्हें दोबारा इस मंत्रालय का कार्यभार संभाले जाने पर बधाई दी। बातचीत के दौरान सांसद ने मध्योत्तर अंडमान ज़िले के अलावा पोर्ट ब्लेयर और द्वीपों के अन्य क्षेत्रों में सड़क की खराब स्थिति से उन्हें अवगत कराया। सांसद ने कहा कि इस बारे में विस्तृत रिपोर्ट तैयार की जा रही है और द्वीपों में सड़क की स्थिति पर केन्द्रीय मंत्री के समक्ष जल्द ही रिपोर्ट प्रस्तुत की जाएगी।

इससे पहले श्री बिष्णु पद रे ने नागरिक उड्डयन मंत्री राममोहन नायडू से मुलाकात कर द्वीपों में हवाई भाड़े की समस्या से भी अवगत कराते हुए पोर्ट ब्लेयर से नए हवाई मार्ग खोलने का अनुरोध किया। सांसद ने पोर्ट ब्लेयर और विशाखापत्तनम के बीच विमान सेवा में बढ़ोत्तरी करने, रात के समय विमान सेवा शुरू करने और अंतर्राष्ट्रीय विमान सेवा शुरू करने पर भी चर्चा की। सांसद ने कहा कि नागरिक उड्डयन क्षेत्र से जुड़ी समस्या और मांग को एक सप्ताह के भीतर उन्हें सौंपा जाएगा। दोनों केन्द्रीय मंत्रियों ने श्री बिष्णु पद रे को इस दिशा में कार्रवाई करने का आश्वासन दिया, ताकि द्वीपों की जनता की तकलीफों को दूर किया जा सके।

<><><><><><><>

आज अंतरराष्ट्रीय नशाखोरी एवं अवैध तस्करी निषेध दिवस– विश्व नशामुक्ति दिवस के रूप में मनाया जा रहा हैं। इस अवसर पर उप राज्यपाल ने अपने संदेश में कहा कि यह दिवस नशीली दवाओं के दुरूपयोग से निपटने के उपायों के महत्व को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि यह द्वीपसमूह न केवल प्राकृतिक सुंदरता का प्रमाण है, बल्कि एक समुदाय भी है, जो एकता, संस्कृति और ताकत से बना है। समाज को नशीली दवाओं के संकट से बचाने के लिए शिक्षा, जागरूकता और समर्थन प्रणालियों में निवेश कर हम एक मजबूत ढांचा तैयार कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि हमें साथ मिलकर एक ऐसे समुदाय का निर्माण करना है, जिसमें परिवार, मित्रता और आपसी सम्मान के बंधन इतने मजबूत हों, कि वे मादक द्रव्यों के सेवन की ओर आकर्षित करने वाले प्रलोभनों का विरोध कर सके। उन्होंने द्वीपवासियों से आग्रह किया कि जरूरतमंदों के लिए पथ प्रदर्शक बनकर अपने लिए और आने वाली पीढ़ियों के लिए अपनी प्रतिबद्धता दोहराएं, जिससे यह द्वीपसमूह नशामुक्त होकर बेहतर स्वास्थ्य, समृद्धि और प्रगति के पथ पर आगे बढ़ता रहे।

आज अंतराष्ट्रीय नशामुक्ति दिवस के सिलसिले में समाज कल्याण निदेशालय, पंख अण्डमान और चिन्मय मिशन यूथ विंग की ओर से मैराथन का आयोजन किया जाएगा।

मैराथन आज शाम चार बजे नेताजी स्टेडियम से शुरू होकर फ्लैग प्वाइंट तक पहुंचेगी और इसका समापन नेताजी स्टेडियम में होगा। प्रतिभागियों का पंजीकरण नेताजी स्टेडियम गेट पर शाम साढ़े तीन बजे शुरू होगा। यह कार्यक्रम नशीली दवाओं के दुरूपयोग के विनाशकारी प्रभावों और अवैध तस्करी से निपटने की आवश्यकता के बारे में जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से आयोजित किया जाएगा।

इस बीच अंतरराष्ट्रीय नशाखोरी एवं अवैध तस्करी निषेध दिवस मनए जाने के सिलसिले में हाल ही में एंन्टी नारकोटिक्स पुलिस स्टेशन के कर्मचारियों ने पोर्ट ब्लेयर के प्रमुख डाकघर में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम में नशीली दवाओं के दुरूपयोग के हानिकारक प्रभावों के बारे में जानकारी दी गई। कार्यक्रम में नशीली दवाओं के सेवन से परहेज करने की भी शपथ दिलाई गई। इसमें करीब चालीस कर्मियों ने भाग लिया। इसी तरह का एक अन्य कार्यक्रम पोर्ट ब्लेयर के राज्य परिवहन सेवा बस अडडे पर भी आयोजित किया गया, जिसमें पोस्टर और वीडियो के माध्यम से लोगों को जागरूक किया गया।

<><><><><><><>

दक्षिण अंडमान पुलिस ने शहर के विभिन्न भागों में हुई चोरी की घटना में मुख्य आरोपी इरशाद आज़ाद नामक उनतीस वर्षीय एक युवक को गिरफ्तार किया है और इसके पास से करीब चालीस लाख मूल्य के छः सौ ग्राम सोने की भी बरामदगी की है। पोर्ट ब्लेयर में कल मीडिया को जानकारी देते हुए ज़िला पुलिस अधीक्षक निहारिका भट्ट ने बताया कि सोलह से इक्कीस जून के बीच आभूषण चोरी की इस घटना में तीन एफ आई आर पहाड़गांव थाने में और एक एफ आई आर चाथम थाने में दर्ज की गई थी। सहायक पुलिस अधीक्षक विकास स्वामी के नेतृत्व में टीम का गठन किया गया और चोर को गिरफ्तार करने की तलाश तेज हो गई। पन्द्रह किलोमीटर के दायरे में सी सी टी वी फुटेज को खंगाला गया। खोजी कुत्ते का भी सहारा लिया गया। तेईस जून को चोर को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे तीन दिन की पुलिस रिमांड में भेजा गया। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि जनवरी में भी इस युवक ने सोलह लाख रूपये के मूल्य की चोरी की घटना को अंजाम दिया था। फरवरी में इसकी गिरफ्तारी हुई थी। गिरफ्तार यह आरोपी शादीपुर का निवासी है और स्नातक तक इसने पढ़ाई भी की है। श्रीमती निहारिका भट्ट ने दुकानदारों से अनुरोध किया है कि वे नगदी आदि अपने दुकान पर न छोड़े।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार राज्य आयुष सोसाइटी में जी डी एम ओ आयुष के पांच पद, होमियो के तीन पदों के अलावा फार्मासिस्ट, लेखाकार, बहुद्देशीय कर्मी जैसे विभिन्न पदों में भर्ती की जाएगी। चुने गए उम्मीदवारों को प्रतिमाह एकमुश्त राशि दी जाएगी। पन्द्रह जुलाई से उन्नीस जुलाई तक विभिन्न पदों के हिसाब से उम्मीदवारों का साक्षात्कार लिया जाएगा। निर्धारित प्रपत्र में आवेदन जमा करने होंगे।

<><><><><><><>